प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को एक दिवसीय दौर पर पहुंचेंगे वाराणसी : संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम समेत 1200 करोड़ से अधिक की योजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
2. प्रदेश में 30 दिसंबर तक चलाई जाएंगी 7 हजार नई बसें, 23 जनपदों में हवाई अड्डों की तर्ज पर विकसित किये जायेंगे बस अड्डे।
3. वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में कल से श्रद्धालुओं को मिलगा मंदिर ट्रस्ट द्वारा बनाया गया प्रसाद।
4. राज्य के देवी मंदिरों में नवमी पर उमड़े भक्त : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– शक्ति की अराधना और आधी आबादी के सम्मान का प्रतीक है नवरात्र का पर्व। और
5. लखनऊ में खेला जा रहा है उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच रणजी ट्रॉफी मुकाबला : पहले दिन बंगाल ने सात विकेट खोकर बनाये 2 सौ उन्हत्तर रन।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौर पर रहेंगे। वाराणसी आगमन पर प्रधानमंत्री 1200 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे । इसमें लाल बहादुर

शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की विस्तारीकरण की योजना भी शामिल है। प्रधानमंत्री सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्पोटर्स स्टेडियम का लोकार्पण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने इसके बारे में जानकारी दी। बाइट......

*प्रधानमंत्री जी का आगमन 20 अक्टूबर को वाराणसी में होने जा रहा हैं और यहां पर दो कार्यक्रम मुख्य रूप से रहेंगे, एक तो उनके अनुरोध पर जो शंकर नेत्रालय का ट्रस्ट है उनके द्वारा एक चैरिटेबल आईस हास्पिटल बनाया गया है। वो आंखों के हास्पिटल का शुभारम्भ होगा साथ ही वाराणसी के डेवलपमेंट के कार्य है, जिनका लोकार्पण और शिलान्यास उनके द्वारा किया जायेगा। करीब 17 प्राजेक्ट है, जिनकी लागत 12 सौ करोड़ है उनका लोकार्पण ओर शिलान्यास का कार्यक्रम हैं।*

———————————

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 के मद्देनजर प्रदेश में 30 दिसंबर तक 7000 नई बसें चलाई जाएंगी। जिसमें इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसें भी शामिल हैं। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कल महोबा में बताया कि महाकुंभ के लिए 11 अस्थाई डिपो बनाए जाने की तैयारी है। बाइट..........

*हमने 7 हजार बसों का टेंडर किया है और 30 दिसम्बर के पहले हमारी सभी बसे सड़कों पर होंगी। इलेक्ट्रिक बसे, सीएनजी बसें, वोल्वो बसे, सभी तरह क बसे ये हम लोगों ने कुंभ के लिये क्योंकि कुंभ केवल भारत के लिये नहीं है पूरी दुनिया के लोग वहां आते हैं।*

इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में बस अड्डों को हवाई अड्डों की तर्ज पर

विकसित किया जाएगा। फिलहाल प्रदेश के 23 बस अड्डों को हवाई अड्डों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है।

*प्रदेश के 23 बस स्टेशनों को हवाई अड्डों की तरह बना रहे है। गोरखपुर में एक गाजियाबाद में तीन, मेरठ में बना रहे है। इसी तरह से प्रदेश के हर जनपद में एक बस अड्डा हम हवाई अड्डा की तरह बना रहे हैं। आने वाले दिनों में हम हर जगह इलेक्ट्रिक डबल डेकर बसें देंगे।*

———————

महाकुंभ–2025 में प्रदेश सरकार ने जन सहभागिता के माध्यम से चार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई है। सभी गतिविधियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से कुल 4 करोड़ 87 लाख रुपए केबजट का प्रावधान किया गया है। इसमें गतिविधियों के प्रबंधन पर सवा दो करोड़ रुपएखर्च होंगे,जबकि अन्य विकास कार्यों पर भी एक करोड़ 62 लाख रुपए का खर्च किया जाएगा।

———————

प्रदेश में इस वर्ष  में भी सरकार द्वारा बिजली की दरों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। राज्य में लगातार पाँचवें वर्ष सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए देय बिजली की टैरिफ दरें अपरिवर्तित रहेंगी।इससे प्रदेश के 3.48 करोड़ बिजली उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर के डिस्कनेक्शन और रीकनेक्शन के लिए लगने वाला 50 रुपये का शुल्क समाप्त कर दिया गया है। प्रदेश के

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने त्योहारों के मद्देनजर उपभोक्ताओं को लगातार विद्युत आपूर्ति मिलने के निर्देश जारी किये हैं।

—————————

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में अब मंदिर ट्रस्ट का प्रसाद श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेगा। वाराणसी क मंडलायुक्त और काशी विश्वनाथ मंदिर के सभापति कौशल राज शर्मा ने बताया कि लंबे समय से ट्रस्ट के द्वारा तैयारी की जा रही थी कि श्रद्धालुओं के बीच में खुद मंदिर ट्रस्ट का प्रसाद वितरित होना चाहिए इसी क्रम में मंदिर प्रशासन कल विजयादशमी के दिन इस प्रसादको शुरुआत कर रहा है। बाइट........

*प्रत्येक लड्डू प्रसाद के सम तुल्य होगा कि वो स्वयं ही भगवान पर चढ़ा हुआ है। इस प्रकार की वयवस्था अधिकतर भारत के मंदिरों में रही है। ये प्रसाद पूरा का पूरा ट्रस्ट के निर्देश में तैयार हुआ है। अमूल से टाइयप होने के बाद प्रोडक्शन मार्केटिंग की व्यवस्था कर ली गई है। एमओयू इनके साथ कर लिया गया है ओर विजय दशमी के उपलक्ष्य में इसका प्रारम्भ पहला भगवान को भोग लगाने के बाद कर दिया जायेगा।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है और जिस समाज में नारी की पूजा होती है तथा सम्मान दिया जाता है, वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति की आराधना के साथ आधी आबादी के सम्मान का भी प्रतीक पर्व है। बाइट..

*मुझे प्रसन्नता है कि जो सनातन धर्म की समृद्ध परम्परा है, यह पूरे हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में इस परम्परा के साथ लोग जुड़ रहे है। सत्य और अराधना की प्रतीक आधी आबादी के प्रति सम्मान का भाव बन रही है। भारतीय समाज प्राचीन काल से ही इस बात को मानता रहा है, जहां नारी की पूजा होती है, उसका सम्मान होता है, वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है।*

नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में मुख्यमंत्रो ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया। मुख्यमंत्री ने विजयादशमी के पावन पर्व पर सभी लोगों के मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी विजयादशमी के पावन पर्व पर सभी प्रदेशवासियों और देशवासियों के सुखी, समृद्ध और सुरक्षित जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं हैं।

——————————

शारदीय नवरात्र के नौवें दिन भक्त आज माता के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा कर रहे हैं। प्रदेश के देवी मंदिरों में सुबह से भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है, बलरामपुर में पाटेश्वरी देवी और मिर्जापुर के विंध्याचल धाम में देवी की विशेष पूजा के लिए प्रदेश के साथ साथ दूसरे राज्यों से भी भक्त पहुंचे है। वहीं फरुखाबाद के गुड़गांव देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर, गोरखपुर के गोलघऱ मांकाली मंदिर ,बुढ़िया माता मंदिर, तरकुलहा माता मंदिर , जंगल कौड़िया माता मंदिर ,श्रावस्ती के काली माता मंदिर और लखनऊ के बख्शी का तालाब स्थित चंद्रिका देवीमंदिर में प्रातः काल से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। जबकि वाराणसी और अमरोहामें भी सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पेश है एक रिपोर्ट ........

*आज मां विंध्यवासिनी के दरबार में मंगला आरती के बाद बड़ी संख्या में भक्तों ने माँ के दर्शन पूजन किया। मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी के गर्भगृह में पहुंच कर दर्शन पूजन में जुट गए। विंध्यधाम की गलियां 4 बजे भोर से ही श्रद्धालुओ से पटी रही। वही दर्शन करने से पूर्व श्रद्धालु गंगा स्नान कर हाथों में प्रसाद एवं अन्य पूजा सामग्री लेकर लाइन में खड़े हो गए। मां विंध्यवासिनी के जय जयकारे से विंध्यधाम की गलियां गूजती रही। विंध्यधाम में दर्शन पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने माँ अष्टभुजा एवं माँ काली मंदिरों में दर्शन पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा पूरी की। एस0एम0 सबा, आकाशवाणी समाचार, मिर्जापुर।*

————————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम रणजी ट्रॉफी मुकाबले में आज बंगाल की टीम ने टॉस

जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। आज दिन का खेल खत्म होने तक बंगाल ने सात विकेट पर 269 रन बना लिए हैं। उत्तर प्रदेश को ओर से विपराज निगम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 59 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि सौरभ कुमार और यश दयाल ने एक–एक विकेट लिया।

उधर, 42वीं अखिल भारतीय के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में पुरुष आमंत्रण प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में उत्तर प्रदेश एकादश का मुकाबला कल कैग दिल्ली की टीम से होगा। दोनों टीमों ने आज अपने–अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीत लिए।

(समाप्त)